GANDHI MEMORIAL NATIONAL COLLEGE, AMBALA CANTT

NOTICE

Dated: 01.04.2019

All the staff members are requested to assemble in Seminar Hall (Room No.2) today i.e. 01.04.2019 at 2:00 PM. Dr. (Brig.) Rahul Trehan, the renowned Cardiologist will talk about Cardiopulmonary Resuscitation – An awareness and execution of basic life support protocols.

Principal

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी
प्रैस नोट

दिनांकः–01.04.2019

जी.एम.एन. कॉलेज में आज ब्रिगेडियर डॉ. राहुल. त्रेहान ने हृदय की आपात काल सुरक्षा पर जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया जहां समस्त स्टाफ ने भाग लिया। उन्होंने सी.पी.आर. के लिए मौलिक जीवन सहयोग की विस्तार से चर्चा की। हृदय गति रूकने के लक्षण बताते हुए उन्होंने कहा कि बेहोशी एवं नाड़ीविहीन अवस्था में मरीज की नाक के पास गाल लगाने पर हमें मरीज के सांस न आने का पता चल जाता है। सारा कार्यक्रम माडल के साथ व्यावहारिक रूप से समझाया गया। ऐसी हालत में उठाए जाने वाले कदमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों हाथों की हथेली से एक मिनट में 100 बार दो ईंच तक दबाएं। दूसरा मरीज के मूंह पर मूंह लगाकर मरीज की नाक बन्द करते हुए उसे दो से तीन बार सांस दे एवं तीसरा माथे पर हथेली लगाकर दूसरे हाथ से ठोडी को उंचा करें ताकि हवा के प्रवाह से सांस स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सिए एवं कानूनी रूप से 30 से 45 मिनट तक इस तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विदेशों में माल, स्टेशन, रोड़ एवं सार्वजनिक स्थलों पर मशीनें उपलब्ध होती है। कालेज प्राचार्य के अनुरोध पर उन्होंने एन.सी.सी. व एन.एस.एस. के 10 छात्रों को रोटरी हस्पताल में प्रशिक्षण देना स्वीकार किया। गौरतलब है कि ब्रिगेडियर डॉ. त्रेहान जी.एम.एन. कॉलेज ट्रस्ट एवं सोसाइटी के उपाध्यक्ष है एवं कालेज के संस्थापक प्राचार्य जसवन्त राय के पौत्र हैं। मंच संचालन प्रो. रचना खन्ना ने किया।